rajsevak.com

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2701596
E-mail: rajssaquality@gmail.com

क्रमांकः रा.स्कूल.शि.प./जय/कैरियर गाइडेंस/ 2018–19 21

दिनांकः 1/4/19

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

**विषय :– राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल के संदर्भ में कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों का एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम दिनांक 5 अप्रेल 2019 को आयोजित करवाने बाबत्।**

प्रदेश में देश का पहला राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल जिसका विधिवत शुभारम्भ माननीय शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से समस्त सरकारी विद्यालयों (मावि/उमावि) में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रारम्भ किया गया है। इस पोर्टल से विद्यार्थियों को ऑनलाईन निम्नांकित जानकारियां प्राप्त हो सकेगी :–

- राज्य के राजकीय विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत लगभग 23 लाख बालक, बालिकाओं को कैरियर निर्माण हेतु उचित मार्गदर्शन एवं अवसर प्राप्त होगा। जिसमें विद्यार्थी विभिन्न कोर्सेज, उच्च शिक्षण संस्थाओं, विश्वविद्यालयों के कैरियर उपयोगी कोर्सेज, प्रवेश परीक्षाओं, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों एवं विभिन्न छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।
- इस पोर्टल के माध्यम से कक्षा 9 से 12 के छात्र/छात्रा हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषाओं में 14 देशों (Countreis) के 200+ व्यावसायिक, 237+ प्रोफेशन, 10000+ कॉलेज/विद्यालय, 960+ छात्रवृत्तियां, 955+ प्रवेश परीक्षाओं एवं 455+ कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।
- जिन विद्यार्थियों ने इस सत्र में कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाऐं दी है उन्हें इस पोर्टल से अपने आगामी शैक्षिक प्रवेश एवं रोजगार संबंधी विकल्प तलाशने में सहयोग, सुविधा एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सकेगा। यह आमुखीकरण कार्यक्रम एक अच्छी पहल साबित होगी।

आपको निर्देशित किया जाता है कि इस पोर्टल की जानकारी हेतु आप अपने अधीनस्थ समस्त राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के मार्च 2019 में बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हो चुके कक्षा 10 एवं 12 के समस्त छात्र/छात्राओं का एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित करवाया जाना सुनिश्चित करे। छात्र/छात्राओं को आमुखीकरण कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु पूर्व सूचना भिजवाये।

इस आमुखीकरण कार्यक्रम में प्रत्येक राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 एवं 12 के समस्त छात्र/छात्राओं को **दिनांक 5 अप्रेल 2019, शुक्रवार को प्रातः 10.15 बजे** विद्यालय के संस्थाप्रधान/उपलब्ध अन्य विशेषज्ञ द्वारा पोर्टल की विस्तृत जानकारी एवं विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल को खोले जाने (पोर्टल पर लॉग–इन) की तकनीकी जानकारी दी जावें।

www.rajteachers.com

उक्त आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजन पश्चात उसी दिन निम्नांकित प्ररूप में समेकित सूचना सॉफ्ट (Excel) एवं हार्ड कॉपी (PDF/JPG) में परिषद की ई–मेल आई.डी rajssaquality@gmail.com पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें–

| क्र. सं. | जिले का नाम | ब्लॉक का नाम | विद्यालय का नाम | आमुखीकरण कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले कक्षा 10 के छात्र/छात्राओं की संख्या | | | आमुखीकरण कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले कक्षा 12 के छात्र/छात्राओं की संख्या | | | वार्ता देने वाले संस्था प्रधान/अन्य विशेषज्ञ का नाम, पदस्थापन, मो. नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | छात्र | छात्रा | योग | छात्र | छात्रा | योग | |

राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल की मॉनिटरिंग एवं विद्यार्थियों को अधिकतम लाभ पहुँचाने के लिये राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर **"राजीव गांधी केरियर गाईडेंस एवं काउन्सलिंग सैल"** का गठन किया जा रहा है।

आप यह सुनिश्चित करें कि उपरोक्त 'आमुखीकरण' कार्यक्रम जिले के प्रत्येक सरकारी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्धारित दिनांक 5 अप्रेल 2019 को अनिवार्य रूप से आयोजित हो। इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जायेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आपके जिले के समस्त माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उक्त पोर्टल आमुखीकरण कार्यक्रम की प्रभावी क्रियान्विति भी सुनिश्चित करते हुए नियमित रूप से अभिलेख संधारित करवाया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्न : आमुखीकरण हेतु दिशा–निर्देश/पीपीटी**

(प्रदीप कुमार बोरड़) IAS
आयुक्त स्कूल शिक्षा

क्रमांकः रा.स्कूल.शि.प./जय/कैरियर गाइडेंस/ 2018–19 21 दिनांकः 1/4/19

**प्रतिलिपिः** सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निजी सहायक, निदेशक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राज. बीकानेर।
5. निजी सहायक, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, राज. बीकानेर।
6. निदेशक, आरएससीईआरटी, उदयपुर।
7. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम/द्वितीय, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
8. समस्त उपायुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
9. जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा, समस्त जिले।
10. प्रधानाचार्य, डाइट, समस्त जिले।
11. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समसा, समस्त जिले।
12. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
13. पीईईओ, समस्त।
14. रक्षित पत्रावली।

अतिरिक्त आयुक्त

www.rajteachers.com

rajsevak.com


# राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल के दिशा निर्देश/पीपीटी

राज्य में राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के कैरियर (व्यवसाय) हेतु मार्गदर्शन की अति आवश्यकता है। इस हेतु यूनिसेफ के सहयोग से शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा ''राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल'' विकसित किया गया है। **''राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल''** शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के राजकीय विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत कुल 1074074 बालक एवं 1042621 बालिकाओं (कुल 2116695 विद्यार्थियों) जिन्हे कैरियर निर्माण हेतु उचित मार्गदर्शन एवं अवसर प्राप्त नहीं होता है, हेतु एक प्रयास है।

यह पोर्टल एक ऑनलाइन पोर्टल होगा जिसके माध्यम से कक्षा 9–12 के छात्र हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में 200+व्यावसायिक और 237 पेशेवर केरियर की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थी छात्रवृति, शिक्षा योजनाओं, कॉलेज विकल्पों, विभिन्न प्रवेश परीक्षा विवरणों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। **''राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल''** के माध्यम से छात्र 455+ कैरियर विकल्पों 10000+कॉलेजों और 960+छात्रवृति और 955+प्रवेश परीक्षाओं से सम्बन्धित सभी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। **''राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल''** की **https://rajcareerportal.com** पर क्लिक करके देखा जा सकता है। इस पोर्टल पर कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी एवं कक्षा 9 से 12 वाले प्रत्येक विद्यालयों का लॉगिन बनाया गया है, जहां से लॉगिन पश्चात यह विभिन्न सूचनाएँ प्राप्त की जा सकेंगी।

**''राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल''**


Step 1: **www.rajcareerportal.com** पर जाये और लॉगिन करने के लिये अपना विद्यार्थी यूनिक आई.डी. और डिफॉल्ट पासवर्ड (123456) डाले। **विद्यार्थी यूनिक आई.डी. स्कूल कोड और स्कूल रजिस्टर नं से मिलकर बना है। उदाहरण के लिये अगर आपका स्कूल कोड 4247 है और स्कूल रजिस्टर में 425 है तो आपका विद्यार्थी यूनिक आई.डी. 4247425 होगा।**






www.rajteachers.com


**Step 2:** भाषा का चयन करने से, करियर संबंधी जानकारी चयनित की गयी भाषा में दिखेगी।




**Step 3:** **"मेरा करियर"** फॉर्म में अपने करियर चयन के हिसाब से जगह, डिग्री, डिप्लोमा और करियर क्लस्टर सेलेक्ट कर सकते। यह चयनित Options आगे कभी भी बदले जा सकते हैं।




**Step 4:** लॉगिन पश्चात डैशबोर्ड में 460 से अधिक **करियर**, 6400 से अधिक **कॉलेज**, 1000 से अधिक **प्रवेश परीक्षा**, वोकेशनल कोर्सेस और 930 से अधिक **छात्रवृति** के बारे में जानकारी मिलेगी।





**करियर डैशबोर्ड** में आपके लिये करियर संबंधी जानकारी जैसे ये करियर क्या है, किस तरह की नौकरी लगती है, कितनी फीस लगेगी पता चलेगा।यहाँ से आपको करियर की पूरी जानकारी मिलेगी।




**कॉलेज डैशबोर्ड** में आप कॉलेज की जानकारी राज्य, शहर के अनुसार ढूंढ़ सकते। इस ऑप्शन के माध्यम से कॉलेज में पढ़ाए जाने वाले सभी कोर्सेज की जानकारी भी ले सकते। राजस्थान के सभी कॉलेज की जानकारी मिल सकती हैं।




**प्रवेश परीक्षा डैशबोर्ड** में आप किसी भी एग्जाम के बारे में जानकारी ले सकते हैं जो किसी भी कॉलेज में प्रवेश के लिये ज़रूरी हैं। फॉर्म की अंतिम तिथि, फीस और वेबसाइट के बारे में जानकारी मिलेंगी।



**छात्रवृत्ति डैशबोर्ड** में छात्रवृत्ति, प्रतियोगिता और फैलोशिप के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी आपको अपनी पढाई को आगे बढ़ने में मदद करेगी।




www.rajteachers.com